सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 227 | इंदौर, सोमवार 26 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **PM: 'रेलवे के लिए आज एक ऐतिहासिक दिन, साढ़े 12 बजे...', करोड़ों रुपये की सौगात का एलान कर बोले पीएम मोदी**
2. **Sandeshkhali: 'ममता नहीं कर सकतीं तो हमें बताएं, एक घंटे में पकड़ लेंगे', शाहजहां पर बोले केंद्रीय मंत्री**
3. **Maldives: पूर्व विदेश मंत्री ने भारतीय सैनिकों को लेकर राष्ट्रपति मुइज्जू के दावों को बताया झूठ**
4. **MEA: रूस की सेना में भारतीयों के काम करने की खबरों पर विदेश मंत्रालय का बयान, कहा- कई को छोड़ भी दिया है**

## हफ्तेभर में आधे उम्मीदवार घोषित कर सकती है कांग्रेस : कमलनाथ बोले-

# कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटा हुआ फौरन फैसला करे स्क्रीनिंग कमेटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल । लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा, 'हफ्ते भर में मध्यप्रदेश के 50% उम्मीदवार घोषित हो जाएंगे।' वहीं, कमलनाथ ने कहा, 'कुछ दिन में लोकसभा चुनाव की तारीख घोषित हो जाएगी। अप्रैल के तीसरे हफ्ते में चुनाव हो सकता है। स्क्रीनिंग कमेटी में जो लोग हैं, फौरन फैसला कर लें। अगर दो उम्मीदवारों का फैसला होता है तो उन दो को खबर कर दें। पूरी सूची बनाने के चक्कर में न पड़ें, ताकि जितने उम्मीदवार तय हो जाते हैं, वे तो अपना काम शुरू कर पाएं।'

रविवार को हुई वर्चुअल मीटिंग में कमलनाथ ने कहा, 'मैं लोकसभा चुनाव में प्रचार करता रहूंगा। लोगों को बता दें कि उम्मीदवारों को लेकर अभी चर्चा चल रही है, लेकिन आपका नाम फाइनल है। उम्मीदवारों को समय मिलना जरूरी है। हम चुनाव से 20-25 दिन पहले खबर करते हैं। लोकसभा चुनाव में इतने दिन पर्याप्त नहीं होते। भारत जोड़ो न्याय यात्रा 7 मार्च को खत्म हो जाएगी। यात्रा के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी करनी है। हमें कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना है। उनका मनोबल टूटा हुआ है।'

### →कमलनाथ बोले- EVM का मामला दिग्विजय को देखने दें

कमलनाथ ने कहा, 'लोग कहते हैं कि दिग्विजय सिंह ने EVM को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। वे कोर्ट-कचहरी की मेहनत कर रहे हैं कि अगर EVM से वोट BJP को जाना है तो हम क्यों कुछ काम करें। हम अभी EVM के चक्कर में न पड़ें। यह मामला दिग्विजय सिंह देख रहे हैं। EVM की बात दिग्विजय सिंह को करने दें। वे पॉलिटिकल पार्टियों से बात कर रहे हैं। ये अकेले MP का नहीं, पूरे देश का मामला है। हर पार्टी का मामला है। इसे दिग्विजय सिंह हैंडल करें, जैसे वो ठीक समझते हैं। हमें तो अपनी तैयारी शुरू करनी है।'

### →जितेंद्र सिंह बोले- तीन दिन में बूथ तक पहुंचाएं वोटर लिस्ट

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह ने PCC चीफ जीतू पटवारी से कहा, 'हमें ऐसा प्रयास करना चाहिए कि तीन दिन में वोटर लिस्ट बूथ पर पहुंच जाए। कई बार हम देखते हैं कि वोटर लिस्ट प्रदेश कार्यालय में तो कभी जिलाध्यक्ष के यहां पड़ी रहती है। बूथ कार्यकर्ताओं के पास वोटर लिस्ट नहीं पहुंच पाती।'

उन्होंने कहा, 'हम दूसरी पार्टियों की तुलना करते हैं तो RSS की टीम घरों में जाकर दुष्प्रचार करती है। वे धर्म, जाति के नाम पर घरों के भीतर जाकर राजनीति कर रहे हैं। घर-घर जाने के लिए वोटर लिस्ट सबसे बड़ा बहाना है।' उन्होंने कहा, 'घरों में जाकर तीन कैटेगरी में वोटर चिह्नित करें। कांग्रेस का वोटर नहीं है तो 'N' कैटेगरी दें। न्यूट्रल पर 'O', अगर कांग्रेस का वोट है तो 'C' कैटेगरी दें।

जितेंद्र सिंह ने कहा, 'बूथों पर चल रहे कामों की AICC के सेक्रेटरी निगरानी करेंगे। हर हफ्ते रिपोर्ट देंगे। यह रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और कांग्रेस हाईकमान को भेजी जाएगी। एक हफ्ते में 50 प्रतिशत टिकट की सूची जारी करने की कोशिश कर रहे हैं।'



### दिग्विजय बोले- जल्द उम्मीदवार घोषित करना चाहिए

दिग्विजय सिंह ने कहा, 'हम उसे सबसे बड़ा नेता मानते हैं, जो अपना बूथ जिता दे। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा की लड़ाई लडे.। हम सारे भेदभाव मिटाकर दृढ़ता से जमीनी लड़ाई लड़ेंगे। जितना जल्दी हो सके, अपना उम्मीदवार घोषित करना चाहिए। कुछ जगह चुनौती जरूर है।'

### →तन्खा ने कहा- विरोधी स्पेशलाइज वॉर कर रहे

विवेक तन्खा ने कहा, '40 प्रतिशत हमारा वोट शेयर था। हमारे विरोधियों की जो सोच है, उससे हम कैसे निपटेंगे? वे स्पेशलाइज वॉर फेयर कर रहे हैं। वे पब्लिक को कुछ सोचने नहीं दे रहे हैं। हिप्नोटाइज कर रहे हैं। हम जब विधानसभा चुनाव लड़ रहे थे, पूरी दुनिया की मीडिया कह रही थी कि हम जीत रहे हैं। EVM भी एक कारण हो सकता है। चुनाव की नई पद्धति और रणनीति से लड़ना पड़ेगा। पूरी नई टीम आ चुकी है। देश में जब भी बदलाव आया है, वो युवा लेकर आए हैं। मप्र में सामाजिक बदलाव की नई दिशा क्रिएट करें। सबको पता है कि मंदिर और मस्जिद से रोजी, रोटी और शिक्षा नहीं मिल सकती।'

## गुजरात के स्टार्टअप की इंदौर में नकल

### कोर्ट ने लगाई द क्रश कॉफी नाम से व्यवसायिक गतिविधि पर रोक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। गुजरात के एक स्टार्टअप के ट्रेड मार्क का फर्जी तरीके से उपयोग कर इंदौर मे सहित कई शहरो में कॉफी की फ्रेंचाइजी खोलने के मामले में अहमदाबाद कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। कोर्ट ने द क्रश कॉफी ट्रेडमार्क के नाम से चलाए जा रहे हैं आउटलेट की गतिविधियांअस्थाई रूप से बंद करने के निर्देश दिए हैं ।

अहमदाबाद के रहने वाले श्रेय पटेल ने क्रश कॉफी के नाम से 2017 में अपना एक स्टार्टअप शुरू किया था जो देखते ही देखे काफी लोकप्रिय हुआ और गुजरात में ही इसके काफी सारे ऑउटलेट खुल गए। आरोप है कि क्रश कॉफी की प्रसिद्धि को देखते हुए इंदौर के योगेश सोनी नामक व्यक्ति ने इसके ट्रेडमार्क का गलत उपयोग करते हुए क्रश कॉफी शब्द के आगे द लगाकर द क्रश कॉफी नाम से कई सारे आउटलेट इंदौर व आसपास में खोल दिए । ये आउटलेट स्कीम नंबर 140, राउ, स्कीम नंबर 103, स्कीम नंबर 78, डीएम टावर, बाईपास, मंदसौर, उज्जैन, गोआ और महाराष्ट्र में भी है। जब इसकी जानकारी श्रेय पटेल को लगी तो उन्होंने इस मामले में अहमदाबाद कोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने इस मामले में ऑर्डर जारी करते हुए मुकदमा चलने तक अस्थाई रूप से द क्रश कॉफी ट्रेडमार्क का उपयोग कर चलाए जा रहे सारे आउटलेट की गतिविधिया बंद करने के निर्देश दिए हैं। हांलांकि कोर्ट के आदेश के बाद भी योगेश सोनी द्वारा द क्रश कॉफी आउटलेट का संचालन लगातार किया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत मिलेगी पहले से ज्यादा सब्सिडी

## पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा योजना लाभ की जोरदार तैयारी

→दो किलो वाट के सोलर संयंत्र पर अब 60 हजार की सब्सिडी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रारंभ की गई है। इसकी मप्र शासन के निर्देश पर पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रभावी तैयारी प्रारंभ की गई है। केंद्र सरकार ने देशभर के एक करोड़ घरों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के इंदौर, उज्जैन, देवास, रतलाम सहित सभी 15 जिलों के अधिक से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।**

नई योजना के तहत अब दो किलो वाट तक के सोलर संयंत्र पर प्रतिकिलो वाट 30 हजार रुपये प्रति किलो वाट दो किलो वाट तक और तीसरे किलो वाट के लिए 18 हजार इस तरह तीन किलो वाट तक के संयंत्र के लिए अधिकतम 78 हजार रुपये की सब्सिडी मिलेगी। दिसंबर 2023 की स्थिति में सरकार द्वारा प्रतिकिलो वाट 14 हजार रुपये और जनवरी 2024 में प्रतिकिलो वाट 14 हजार से बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रति किलो वाट सब्सिडी घोषित की गई थी, जिसे अब 30 हजार रुपये प्रतिकिलो वाट, अधिकतम दो किलोवाट तक घोषित किया गया है। इस तरह दिसंबर की तुलना में जनवरी 2024 में दो किलो वाट 28 हजार रुपये की बजाय उपभोक्ता को दो किलो वाट के संयंत्र पर 60 हजार रुपये की अधिकतम सब्सिडी मिलेगी। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने वीडियो कांफ्रेंस व अन्य माध्यम से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को लेकर मालवा-निमाड़ के सभी 15 जिलों के बिजली अधिकारियों को निर्देशित किया है। योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं की आर्थिक बचत के साथ ही सरकारी लाभ दिलाना और पर्यावरण के हितों की रक्षा करना भी है।

# विद्यासागरजी एवं दौलतसागर जी महाराज को विनयांजली



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मां कनकेश्वरी देवी मंदिर, परदेशीपुरा पर सर्व समाज की ओर से संत श्री विद्यासागर जी महाराज एवं संत श्री दौलतचन्द्र सागर जी महाराज के अनंत में विलय होने पर विनयांजलि कार्यक्रम रविवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्व समाज उपस्थित रहा, समाज से कैलाश जी नायक, अभय देशमुख, सूरज जायसवाल, धर्मेन्द्र चेलावत, आनन्द गोधा, नवीन गोधा, अजय जैन, सपना जैन ने अपने शब्दों से विनयांजलि दी। कार्यक्रम में हेडगेवार स्मारक समिति के ईश्वरदास हिन्दूजा उपस्थित रहे। विनयांजलि के अवसर पर संत श्री आनंद सागर जी महाराज ने सर्व समाज को संगठित रहने, शक्तिशाली बनने, मातृभाषा हिन्दी में हस्ताक्षर करने एवं जीवन में हिन्दी को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश रहेगा तो धर्म रहेगा। उन्होंने दोनों के जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन जीने का संदेश दिया। मंच का संचालन डॉ. रूपेश कुम्भज ने किया।

# ऋषि तीर्थ परिसर के पंचकल्याणक महोत्सव के पात्रों की हल्दी रस्म हुई

## दिगम्बर जैन मंदिर पर पंच कल्याणक महोत्सव की मांगलिक क्रियाएं प्रारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ए.बी. रोड लसूडिया परमार स्थित संकटहरण पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित ऋषि तीर्थ परिसर में नवनिर्मित भव्य जिनालय के पंचकल्याणक महोत्सव का शुभारंभ रविवार को सभी पात्रों को हल्दी लगाने की रस्म के साथ हुआ। इसके साथ ही महोत्सव की मांगलिक क्रियाएं प्रारंभ हो गई। इस मौके पर आचार्य प्रसन्न ऋषि महाराज के अवतरण दिवस पर उनके सानिध्य में पाद प्रक्षालन, पिच्छी परिवर्तन एवं शास्त्र भेंट करने की विधियां भी संपन्न हुई । महोत्सव 3 मार्च तक चलेगा।**

पंच कल्याण महोत्सव समिति के मीडिया प्रभारी ऋषभ पाटनी ने बताया कि पद प्रक्षालन का लाभ धन्याकुमार जैन, पिच्छी परिवर्तन का लाभ अनिल कुमार डोषी, द्रव्य पूजन का लाभ अजीत टाली परिवार ने लिया। महोत्सव समिति के राजकुमार जैन, विमल झांझरी, दिलीप जैन एवं अंकुर पाटनी ने प्रारंभ में आचार्य प्रसन्न ऋषि म.सा. के अवतरण दिवस पर उनका सम्मान किया। महोत्सव के पात्रों को हल्दी लगाने की रस्म संपन्न होने के बाद सोमवार को दोपहर 1 बजे से मेहंदी की रस्म होगी और 27 फरवरी से पंच कल्याणक का विधिवत महोत्सव प्रारंभ हो जाएगा । आचार्य प्रसन्न ऋषि म.सा. ने अपने आशीर्वचन में सबके मंगल की कामना की। मीडिया प्रभारी ऋषभ पाटनी के अनुसार महोत्सव में पधारने वाले सभी आचार्य, मुनियों एवं संघ के मंगल प्रवेश पर उनका गरिमापूर्ण स्वागत किया जाएगा । पंचकल्याणक महोत्सव पूरे विधि विधान से संपन्न होगा। बाहर से आने वाले समाज बंधुओ के लिए समुचित व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जा रही है।

# साड़ी वॉकथॉन में हथकरघा के प्रति किया जागरूक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर में रविवार को उड़ान ग्रामीण और शहरी विकास समिति द्वारा साड़ी वॉकथॉन आयोजित किया गया। गांधी हॉल पर सुबह 8 बजे हुए शिवालिका साड़ी वॉकथॉन इंदौर में लोगों को हथकरघा और भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस आयोजन में महिलाएं देश के अलग-अलग प्रांतों में हथकरघा से तैयार होने वाली साड़ी पहनकर पहुंची।

# मण्डी में अब लहसुन की नीलामी आढ़तियों के स्थान पर मंडी कर्मचारी करेंगे

**इंदौर।** देवी अहिल्याबाई होलकर फल एवं सब्जी मंडी प्रांगण में पूर्व से आने वाली अधिसूचित कृषि उपज लहसुन (गीला तथा सूखा) का विक्रय आढतियों एवं मंडी कर्मचारियों के द्वारा घोष विक्रय के माध्यम से नीलामी किया जाता था। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इन्दौर द्वारा रिट अपील क्र. ह.अ.00130/2017 में पारित आदेश दिनांक 6 फरवरी 2024 के अनुक्रम में आयुक्त सह प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल से प्राप्त निदेर्शो के पालन में मंडी समिति इन्दौर द्वारा अधिसूचित कृषि उपज ह्यलहसुन (गीला तथा सूखा) की नीलामी आढतियों के स्थान पर मंडी कर्मचारियों के द्वारा घोष विक्रय के माध्यम से ही की जायेगी। मंडी सचिव नरेश परमार ने बताया कि समस्त कृषकों एवं व्यापारियों को सूचित किया गया है कि अधिसूचित कृषि उपज ह्ললहसुन (गीला तथा सूखा)ह्व का घोष विक्रय (नीलामी) मंडी कर्मचारियों के माध्यम से 26 फरवरी 2024 सोमवार से प्रात: 9:30 बजे से दोपहर एक बजे तक एवं दोपहर 1:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक किया जायेगा।

# राजस्व के महाअभियान को गति देकर प्रभावी बनाए : कलेक्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राज्य शासन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशानुसार राजस्व का महाअभियान प्रभावी रूप से चल रहा है। इस अभियान के अंतर्गत राजस्व प्रकरणों का तेजी से निराकरण किया जा रहा है। यह अभियान आगामी 29 फरवरी को सम्पन्न होगा। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिये है कि राजस्व के इस महाअभियान को गति देकर प्रभावी बनाये। लक्ष्य अनुसार सभी राजस्व प्रकरण समय-सीमा में निराकृत हो। अभियान के तहत प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही और उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।**

कलेक्टर आशीष सिंह ने आज यहां कलेक्टर कार्यालय में राजस्व महाअभियान की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह सीमांकन, विवादित/अविवादित बटवारा, विवादित/अविवादित नामांतरण, नक्शा तरमीम, ई केवायसी आदि राजस्व प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी तथा श्री रोशन राय सहित एसडीएम, तहसीलदार, नायाब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि अभियान के तहत राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी आयी है। राज्य स्तरीय रैंकिंग में बेहतर सुधार हुआ है। गत सप्ताह जिले की रैंकिंग 42 थी, जो इस सप्ताह 36 हो गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये कि प्रकरणों को तेज गति से निराकृत किया जाये। अभियान के तहत लापरवाही एवं उदासीनता बर्दाश्त नहीं कि जायेगी। लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा है कि अभियान को गति देवे और प्रभावी रूप से सम्पन्न करें। बैठक में बगैर सूचना के अनुपस्थित रहने पर सांवेर और राऊ के एसडीएम को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के साथ ही एक दिन का वेतन काटने और अन्य कार्रवाई करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण हो,कोई भी नागरिक परेशान नहीं होना चाहिये। गेंहू के ई पंजीयन के साथ ई केवायसी की व्यवस्था भी की जाय। उन्होंने राजस्व बकाया वसूली के कार्य को भी गति देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बड़े बकायदारों से वसूली के लिये कुर्की की जाये। बैठक में उन्होंने अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि समय-सीमा के भीतर हर हाल में राजस्व प्रकरण निराकृत हो। तीन माह से अधिक के कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए।



# चौपाटी पर ठेला लगाने वाले रात में कढ़ाव का तेल ढोल जाते हैं...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सराफा चौपाटी की सुरक्षा को लेकर उठ रहे सवालों के बीच क्षेत्र का वीडियो सामने आया है। वीडियो में तेल के कारण फिसलते वाहन चालक दिखाई दे रहे हैं। सराफा व्यापारियों की शिकायत है कि चौपाटी पर ठेला लगाने वाले रात में कढ़ाव का तेल ढोल जाते हैं। इससे अगले दिन वाहन चालक गिरते रहते हैं। सराफा में बाइक के स्कूटर चालक बुजुर्ग के फिसलने का वीडियो बना लिया। रविवार को यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो गया।**



43 सेकंड के इस वीडियो में एक्टिवा सवार एक बुजुर्ग स्कूटर से फिसलते दिखाई दिखाई दे रहे हैं। इसके पीछे दो महिलाओं का स्कूटर भी फिसल गया। दोनों को उठाने के लिए राहगिरों ने मदद की। जिस जगह ये लोग फिसले वहां रोड पर तेल ढुला हुआ है। इस वजह से फिसलन बढ़ गई। यह वीडियो एक महिला ने बीते हफ्ते ही बनाया है। महिला कह रही है कि चौपाटी वाले गंदगी करके जाते हैं इससे दिन में लोग फिसलकर गिरते हैं। सराफा वालों की परेशानी को समझिए। वीडियो रविवार को वायरल हुआ।चौपाटी का दायरा अब सराफा से बढ़ गया है। सराफा से लगे आसपास के बाजारों में भी खाने के ठेले लगने लगे हैं। इससे भीड़ बढ़ने लगी है। इसके चलते सराफा व्यापारी एसोसिएशन के बाद अब क्लाथ मार्केट, मारोठिया, सीतला माता बाजार, बजाज खाना, पीपली बाजार, जवाहर मार्ग, शकर बाजार और रिटेल रेडीमेड गारमेंट सहित 13 व्यापारी एसोसिएशन ने सराफा चौपाटी को हटाने की मांग उठा रहे हैं। शनिवार को ये सभी मेयर पुष्यमित्र भार्गव से मिल चुके हैं। इन व्यापारी संगठनों का दावा है कि अब मुद्दा सुरक्षा को लेकर ही नहीं अन्य मुद्दों से भी जुड़ गया है। इन लोगों ने सराफा चौपाटी से हो रही कई प्रकार की परेशानियों से अवगत कराया। दरअसल हरदा पटाखा फैक्टरी हादसे के बाद यहां आग से सुरक्षा को लेकर सराफा एसोसिएशन ने विरोध शुरू कर दिया है।

## हमारी भक्ति अडिग और अखंड रहेगी तो भक्तों की रक्षा के लिए भगवान को आना ही पड़ेगा-ऋषभदेव

### भागवत ज्ञान यज्ञ में आज होगा रुक्मणी- विवाह, कल पूर्णाहुति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भगवान का अवतरण भक्तों की रक्षा और दुष्टों के विनाश के लिए हुआ है। उनकी लीलाओं में प्राणी मात्र के प्रति सदभाव और कल्याण का चिंतन होता है। संसार की दृष्टि से भगवान की लीलाओं का चाहे जो अर्थ-अनर्थ निकाला जाए, यह शाश्वत सत्य है कि यदि हमारी भक्ति अडिग और अखंड रहेगी तो भगवान को हमारी रक्षा के लिए आना ही पड़ेगा। भक्ति निष्काम और निर्दोष होना चाहिए। भक्ति मनुष्य को निर्भयता प्रदान करती है।**

ये प्रेरक विचार है. बाल व्यास आचार्य पंडित ऋषभदेव के, जो उन्होंने श्रीजी वेली, भिचौली मदार्ना पर चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में उपस्थित भक्तों को बाल लीला,56 भोग, गोवर्धन पूजा प्रसंगो पर संबोधित करते हुए व्यक्त किए। प्रारंभ में संयोजक नितिन मालवीय के साथ राऊ के विधायक मधु वर्मा, महेंद्र शुक्ला, ममता पचौरी, श्रीमती अनिता बेंदेल, डॉ. मीनल पचौरी (भोपाल) शिवानी बेंदेल (सिवनी) ने व्यासपीठ का पूजन किया। आरती में अजय पांडे, पिंटू उमेश शर्मा, कनक मालवीय, आशुतोष अग्रवाल, रोहित पाठक, अंकुर मिस्त्री आदि ने भाग लिया। विद्वान वक्ता की अगवानी मालवीय परिवार ने की। संयोजक नितिन मालवीय ने बताया कि पंडित ऋषभदेव 27 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 से 5 बजे तक व्यासपीठ पर विराजित होकर कथामृत वर्षा करेंगे। सोमवार, 26 फरवरी को कृष्ण-रुक्मणी विवाह धूमधाम से मनाया जाएगा। मंगलवार को सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष प्रसंग के साथ इस दिव्य महोत्सव का समापन होगा।

## जीवन साथी की तलाश-युवतियों ने बेझिझक हाथ में माइक संभाला, दिया परिचय

इंदौर। श्री कोष्टी समाज महानगर इंदौर के अध्यक्ष श्री कल्याण देवांग एवं मीडिया प्रभारी दिलीप वर्मा ने बताया कि 25 फरवरी को श्री कोष्टी समाज महानगर इंदौर का युवक युवती परिचय सम्मेलन परदेशीपुरा चौराहा स्थित गोकुलधाम मैदान में आयोजित हुआ जिसमें पूरे भारतवर्ष से युवक युवती ने आकर परिचय दिया। इस अवसर पर चारों समाज के अध्यक्ष कल्याण देवांग, ताराचंद झांसीवाला, दिलीप हेड़वे, रविंद्र श्रीवंश मौजूद थे। कार्यक्रम में 550 से अधिक विवाह योग्य युवक युवतियों ने अपने भाई-बहन, माता-पिता के साय दिन भर अपने योग्य जीवन साथी की तलाश की। युवतियों ने बेझिझक हाथ में माइक संभाला और अपना परिचय दिया तो, युवकों ने भी अपने व परिवार के योग्य युवतियों की तलाश की। म्कार्यक्रम में मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक गण रमेश मेंदोला, महेंद्र हार्डिया, गोलू शुक्ला और पुन विधायक आकाश विजयवर्गीय, ना. नि सभापति श्री मुन्नालाल यादव, पार्षद राजेंद्र राठौर, पार्षद जीतू यादव, पार्षद रुपाली पेंढरकर उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत डॉ सुरेश बुर्रा, मनोहर टेमरे, कैलाश कनोडिया, मुकेश देवांग, नरेंद्र भुरड़, श्रवण निमजे, ओमप्रकाश कनोडिया, मुकेश टेमरे आदि ने किया।

## जागरूकता ही एनीमिया से बचाव एवं इलाज में प्रभावी - संभागायुक्त

### एनीमिया रथ की इन्दौर नगर में आठ दिवसीय भ्रमण की शुरूआत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में नागरिकों विशेषकर महिलाओं, बच्चों, किशोरियों और युवाओं को एनीमिया रोग से बचाने के लिये जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत संभागायुक्त मालसिंह ने एनीमिया रथ को झण्डी दिखाकर शहर के भ्रमण के लिये रवाना किया। यह रथ तीन मार्च तक जिले में 5 लाख लोगों तक पहुंचेगा। एनीमिया के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के साथ ही रक्त की अहमियत बताते हुए घरों में उपलब्ध खाद्य सामग्री से रक्त बढ़ाने की जानकारी दी जायेगी। यह अभियान एडवांस्ड होम्यो हेल्थ सेंटर, एडवांस्ड होम्योपैथिक मेडिकल रिसर्च एवं वेलफेयर सोसायटी तथा आयुष मेडिकल वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान प्रारंभ किया गया है। जागरूकता अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में श्रीमती अंतरबाला मालसिंह, विशिष्ट अतिथि एमआईसी सदस्य एवं पार्षद श्री राजेश उदावत, श्रीमती विजयलक्ष्मी अनिल गोहर (पार्षद वार्ड-48), डॉ. वैशाली वाईकर (कार्यपरिषद सदस्य, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय), विशेष अतिथि डॉ. वैभव चतुर्वेदी (मनोरोग चिकित्सक, कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर), डॉ. कनक चतुर्वेदी, आकाशवाणी में उद्घोषक मुकामसिंह चौहान एवं समाजसेवी भरत मोदी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एके द्विवेदी ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संभागायुक्त मालसिंह ने कहा कि एनीमिया ऐसा रोग है जिससे अनेक बीमरियां जन्म लेती है। ऐसे में इस तरह का जागरूकता अभियान चालाया जाना समय की जरूरत है। समय-समय पर लोगों के बीच इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम होना चाहिए। अप्लास्टिक एनीमिया हो या सिकल सेल एनीमिया हो इसमें जागरूकता की ही जरूरत है। जिससे व्यक्ति एनीमिया से बच सकता है।

## मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी

इंदौर। वर्तमान में बदलते मौसम एवं आगामी त्यौहारों को देखते हुए इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण के लक्षण वाले मरीजों के बढ़ने की आशंका है। स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। इसके अनुसार बताया गया है कि सामान्यतः इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) एवं गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (रअफक) के लक्षण इन्फ्लूएंजा, माइकोप्लाज्मा निमोनिया, रअफक-उङ्ख५-2 आदि जैसे सामान्य कारणों से होती है। हालांकि जानकारी से पता चला है कि वर्तमान में चिंता की कोई आवश्यकता नहीं है। इसमें स्वास्थ्य सुविधाओं में अपेक्षित मानव संसाधन, अस्पताल के बिस्तर, जांच एव परीक्षण, दवा एवं कंज्यूमेबल के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं में संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना है। स्वास्थ्य संस्थाओं में आने वाले समस्त इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण के लक्षण वाले मरीजों की निरंतर मॉनीटरिंग करते हुए कल्कढ पोर्टल पर जानकारी दर्ज करेंगे एवं आवश्यकता पड़ने पर कोविड-19 की जांच के लिए स्वास्थ्य संस्थाओं में सैम्पल कलेक्शन की व्यवस्था एवं निकटतम चिकित्सालयों, मेडिकल कॉलेजो तथा अन्य शासकीय लैबों में जांच की व्यवस्था भी सुनिश्चित करेंगे।

## गुरु चरणों में सिख समाज हुआ नतमस्तक



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आजकल के दवाखाने गुरु गुरु हरराये जी की देन है। इसका आरंभ गुरु जी ने कीरतपुर में दवाखाने खोल कर किया। ये विचार ज्ञानी निशान सिंघ जी हेड ग्रंथि,( बीड़ बाबा बुड्ढा जी,अमृतसर) के थे , सिख समाज के तत्वावधान में , गुरुद्वारा श्री गुरु हरराय साहब जी न्यू रानी बाग लिंबोदी में पर्यावरण के रक्षक गुरु हरराय जी का प्रकाश पर्व आयोजित किया गया। अध्यक्ष अवतार सिंह सैनी तथा सचिव जसबीर सिंह अरोरा ने बताया की स्वर्ण मंदिर के रागी भाई रविंदर सिंघ जी ने रागात्मिक कीर्तन किया। सिख समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया । उपरांत गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया । मीडिया प्रभारी रतनजीत सिंह शैरी ने बताया बहुत ही सुंदर पंडाल और सुंदर पालकी में श्री गुरु ग्रंथ साहेब जी का प्रकाश किया गया। विश्व भले और शांति की अरदास के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संचालन ज्ञानी जसवंत सिंघ ने किया ।

# संघ कार्यालय में पिन लगा हथगोला मिला

**एसपी बोले- 30 साल पुराना, फायरिंग रेंज एरिया का होने की आशंका**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड। भिंड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में शनिवार रात पिन लगा हथगोला मिला। रात 12 बजे एसपी डॉ. असित यादव फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। स्निफर डॉग को भी बुलाया गया। रात 2 बजे मुरैना से बम डिस्पोजल स्क्वॉयड टीम पहुंची। हथगोले को जब्त कर जांच कर रही है।**

बजरिया स्थित संघ कार्यालय परिसर के मैदान में जिस जगह ध्वज लगाया जाता है, वहां यह बम मिला। हालांकि, कार्यालय खाली था क्योंकि प्रचारक और विस्तारक बैठक में शामिल होने इंदौर गए हैं। एसपी असित यादव ने बताया कि बम 30 साल पुराना हो सकता है। उन्होंने कहा कि दो - तीन साल पहले संघ कार्यालय में मिट्टी से भराव कराया गया था। मिट्टी भिंड के नजदीक डीडी गांव के पास कुंवारी नदी के बीहड़ से लाई गई थी। पहले यहां फायरिंग रेंज एरिया हुआ करता था। संभवतः बम इसी मिट्टी में दबा होगा। जांच की जा रही है।

### बम कितना पावरफुल, जांच करा रहे

एसपी ने बताया कि बम जंग लगी हालत में है। इसके ऊपर की परत हटी हुई थी। बम डिस्पोजल स्क्वायड टीम बम साथ ले गई है। कार्यालय के कर्मचारी शिवनरेश ने इसे देखा। बच्चे इसे गेंद समझकर खेल रहे थे। बम की सूचना किसने दी? इस सवाल के जवाब में एसपी ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। बम कितना पावरफुल है? इसे लेकर उन्होंने कहा कि इसकी जांच कराई जा रही है।

### 40 मिनट तक संघ कार्यालय में रहे विधायक

बम मिलने की सूचना पर भिंड विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पूरे मामले की जानकारी ली। 40 मिनट तक विधायक संघ कार्यालय में रहे। यहां उन्होंने प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस से बातचीत की। इसके बाद वापस चले गए।

# पटवारी बोले- चुन-चुन कर शिवराज के अधिकारी बदले जा रहे

**पीसीसी की बैठक में कहा-ये भाजपा का द्वंद्व या प्रदेश की जनता का हैरेसमेंट**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा, पूर्व सीएम शिवराज के आसपास जो अधिकारी थे या महत्वपूर्ण जगह जो लोग बैठे थे, उन्हें चुन-चुन कर बदला जा रहा है। इसके पीछे भारतीय जनता पार्टी का द्वंद्व है या मध्यप्रदेश की जनता का हैरेसमेंट है।

पीसीसी वॉर रूम में जीतू पटवारी ने रविवार दोपहर को बैठक ली। मीटिंग में पूर्व सीएम कमलनाथ, दिग्विजय सिंह और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा वर्चुअल जुड़े। पटवारी ने कहा कि प्रदेश करप्शन का पर्याय बनता जा रहा है। अधिकारियों के ट्रांसफर हो रहे हैं, यह भी करप्शन की भेंट चढ़ रहे हैं। इतनी बड़ी तादाद में रोज ट्रांसफर होना क्या मैसेज देता है?

### मोदी की गारंटी के लिए 1 लाख करोड़ रुपए का पैकेज दें

पटवारी ने कहा, मध्यप्रदेश पिछले 30 साल में सबसे भयावह स्थिति में है। मुख्यमंत्री आप इसे संज्ञान में लेकर 100 दिन की कार्ययोजना बनाएं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह प्रदेश में हैं। मैंने उनसे कहा है कि 1 लाख करोड़ रुपए का पैकेज दें। क्योंकि, 4 लाख करोड़ का हम पर कर्ज हो चुका है और लगभग 40 हजार करोड़ रुपए हर साल हमें सिर्फ ब्याज देना पड़ रहा है। पटवारी बोले, शाह को कहा है कि चूंकि आपने मोदी गारंटी बीच में दे दी है और वोट ले लिए हैं। अगर उन्हें पूरा करना है तो इस बजट में तो पूर्ण नहीं हो सकता। जो आज बजट है, उसमें 3000 रुपए बहनों को देना संभव नहीं है।

# विकास निगम उपमहाप्रबंधक के साथ मारपीट

**→कार अड़ाकर रास्ते में रोका, डंडों से ड्राइवर को भी पीटा, माफी मांगने पर छोड़ा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। सागर के बहेरिया थाना क्षेत्र में मध्यप्रदेश भवन विकास निगम छतरपुर के उपमहाप्रबंधक की कार रोककर युवकों ने मारपीट की। वे छतरपुर से कार में सवार होकर सागर आ रहे थे। मामले में अधिकारी ने बहेरिया थाने पहुंचकर शिकायत की है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार फरियादी सुनील पिता देवकरन दगदी उम्र 45 साल ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि वह मध्यप्रदेश भवन विकास निगम छतरपुर में उपमहाप्रबंधक के पद पर पदस्थ हैं।**

23 फरवरी को ड्राइवर विजय चौरसिया के साथ छतरपुर से स्कार्पियो क्रमांक एमपी 09 सी 7957 से सागर अपने घर आ रहा था। रात करीब 9 बजे जैसे ही मैं सांई की रसोई के आगे पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो एक कार में सवार दो युवक आए और मेरी गाड़ी के सामने अपनी गाड़ी लगा दी। उक्त कार में से युवक उतरे और गालीगलौज करने लगे। वह कह रहे थे कि तुम लोग ने बंडा में मेरे रिश्तेदार का एक्सीडेंट किया है। उन्होंने मेरे और ड्राइवर के साथ डंडों से मारपीट करना शुरू कर दी। इतने में एक बोलेरो गाड़ी क्रमांक एमपी 15 सीए 3935 से तीन लड़के और आए। वे गाड़ी से उतरे और मारपीट करने लगे। मारपीट से मुझे दोनों हाथों, पैरों आंख के पास समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई। ड्राइवर विजय भी घायल हुआ।

# प्रदेश को जल्द मिलेंगे 543 आयुर्वेद डाक्टर, एमपी पीएससी ने जारी की सूची

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश को जल्द ही 543 आयुर्वेद डाक्टर मिल जाएंगे। मप्र लोक सेवा अयोग ने साक्षात्कार के उपरांत चयनित डाक्टरों की सूची जारी कर दी है। अब आयोग द्वारा हाई कोर्ट में केविएट दायर करने की तैयारी है, जिससे कोई अभ्यर्थी या अन्य व्यक्ति हाई कोर्ट में याचिका लगाता है तो आयोग का पक्ष पहले सुना जाए। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के प्रवक्ता डा. राकेश पांडेय ने बताया कि भोपाल, उज्जैन, इंदौर, सतना, रीवा, जबलपुर, ग्वालियर, खंडवा, धार, झाबुआ समेत प्रदेश के लगभग सभी जिलों में नए डाक्टरों को पदस्थ किया जाएगा। इनमें अनारक्षित श्रेणी के 188, अनुसूचित जाति के 110, अनुसूचित जनजाति के 138, अन्य पिछड़ा वर्ग के 97, ईडब्ल्यूएस के 69 समेत 602 डाक्टरों की सूची जारी होनी थी, परंतु 543 डाक्टर ही चयनित हो सके। उल्लेखनीय है कि इसके लिए लिखित परीक्षा 25 सितंबर 2022 को हुई थी। परीक्षा परिणाम आने के बाद इस वर्ष दो जनवरी से 15 फरवरी तक साक्षात्कार हुए थे।

# जमीन का कब्जा हटवाने को लेकर विवाद

**पूर्व सरपंच समेत 7 लोग घायल, दूसरे पक्ष से भी आई चोटें**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोकनगर।** कचनार गांव में सरकारी जमीन पर कब्जा रोकने के दौरान मारपीट की घटना सामने आई है। जिसमें एक पक्ष के लोगों ने पूर्व सरपंच समेत 7 लोगों के साथ धारदार हथियारों से मारपीट कर दी। इस मारपीट में पूर्व सरपंच की हालत गंभीर है। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

पूर्व सरपंच के भाई करतार सिंह यादव पुत्र आधार सिंह उम्र 36 निवासी ने बताया कि सरकारी जमीन पर वर्ष 2014-15 से कब्जे न होने के लिए उनका परिवार प्रयास कर रहा है। लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने बताया कि सर्वे नंबर 73/2 पर पशु अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र, पटवारी हेड क्वाटर, पंचायत भवन, पीएचई का बोर स्थित है। बावजूद यहां कई ग्रामीणों ने अवैध कब्जा कर लिया गया है। कई लोगों ने दो मंजिला भवन बना लिए हैं, तो कुछ ने 15 से 20 दुकानों का काम्पलेक्स तैयार कर किराए पर लगा दिया है। रोज नित नए कब्जे इस जमीन पर हो रहे हैं, इसको लेकर तमाम शिकायतें भी की, कई बार पटवारी आदि आए और अतिक्रमण रुकवाया, लेकिन फिर से कब्जे करना शुरू हो जाते हैं। इसी को लेकर उनके भाई पूर्व सरपंच कृष्णभान यादव पर आज ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि ने हमला कर दिया। इस दौरान उनकी मां शाकाबाई यादव, भाई खिलन सिंह, भतीजे देवेंद्र, शिवेंद्र, रामराजा सहित 7 लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# चोरी की बाइक से करते थे हथियार की तस्करी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने दो हथियार तस्करों को दबोचा है। 19 और 25 साल के यह आरोपित चोरी की मोटरसाइकल से पिस्टल, कट्टा और कारतूस सप्लाई करते थे, पुलिस ने इनके कब्जे से चार हथियार और दो कारतूस बरामद किए हैं। सिविल लाइन थाना प्रभारी वीरेश कुशवाह ने बताया, कि शुक्रवार की रात 10 बजे के करीब मुखबिर से सूचना मिली, कि शिकारपुर फाटक- छौंदा टोल प्लाजा की सड़क पर बाइक सवार दो संदिग्ध घूम रहे हैं, जो किसी वारदात की फिराक में हैं। सूचना के बाद गश्ती टीम को मौके पर भेजा, जिसने सुआलाल के पुरा के पास बाइक सवारों को घेर लिया।

# हिंदुओं के घर बेचने के पोस्टर से गरमाया था मामला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास।** शहर के स्टेशन रोड स्थित विवादित कब्रस्तान-मरघट की भूमि पर जाने के लिए नया रास्ता बनाने के दौरान हुए विरोध प्रदर्शन के बाद रविवार को पूरी तरह शांति रही। प्रशासन ने मामले में दोनों पक्षों से लगातार बातचीत की और नतीजा यह निकला कि किसी ने कोई विरोध नहीं किया। विवादित स्थल के तीन खसरों में से एक खसरा नंबर की जमीन मरघट की मानी जा रही है और मुख्य रूप से हिंदू समाज का विरोध भी इसी जमीन पर अन्य समुदाय द्वारा हक जताने को लेकर है। इधर विवादित स्थल पर दिनभर पुलिसबल तैनात रहा।

**विवादित स्थल के लिए नया मार्ग** शुक्रवार को गजरा गियर्स चौराहा से पुलिस जाने वाले मार्ग से विवादित स्थल के लिए नया मार्ग निकालने का प्रयास किया गया था। इसके बाद शनिवार को इलाके में धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिए गए। इससे नाराज हिंदू समाज के लोगों ने अपने घरों के बाहर घर बेचने संबंधी पोस्टर लगा दिए थे। मामले ने इतना तूल पकड़ा कि शाम होते-होते पुलिस को फ्लेग मार्च निकालना पड़ा। हालांकि रात में ही लोगों ने प्रशासन से चर्चा के बाद अपने घरों से पोस्टर हटा लिए थे। रविवार को दिनभर पूरे क्षेत्र में शांति रही और कोई भी विरोध की गतिविधि नहीं हुई। केवल स्टेशन रोड स्थित विवादित स्थल के गेट पर पुलिस फोर्स बड़ी संख्या में तैनात रहा। यहां शनिवार को ही सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी शुरू कर दी गई थी।

***1975 में बदली स्थिति-*** *मुस्लिम समाज के अनुसार स्टेशन रोड के सर्वे क्र. 83, 84 और 85 को वे वर्षों से उपयोग में लेते रहे हैं। यहां 100 वर्षों से मय्यत को दफनाते आए हैं। दूसरी तरफ हिंदू पक्ष का कहना है कि रियासतकालीन राजस्व रिकार्ड अनुसार सर्वे क्र. 83 मसीही कब्रस्तान की है। सर्वे क्र. 84 वाल्मिकी समाज का मरघट और सर्वे क्र. 85 कब्रस्तान का रकबा है। यह वर्ष 2010-11 तक राजस्व रिकार्ड में है। शांति बनाए रखने की अपील दोनों समुदायों से की गई है। लगातार दोनों पक्षों से बातचीत की जा रही है। सामाजिक सौहार्द्र बना रहे इसका पूर्ण प्रयास प्रशासन कर रहा है।*

**- ऋषव गुप्ता, कलेक्टर, देवास**

# दिनदहाड़े मंदिर में चोरी की वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार।** शहर में इन दिनों चोरी की वारदातों में इजाफा हो गया है। 72 घंटे के भीतर ही बदमाशों ने तीसरी बडी वारदात को अंजाम दिया है, इस मर्तबा शहर के लाडगली स्थित माता जी के मंदिर को ही बदमाशों ने निशाना बनाया है। रविवार दोपहर के समय बदमाश नकुचा तोड़कर अंदर घुसे व भगवान के चांदी के आभूषण सहित अन्य सामान चोरी करके ले गए है।

नकुचा टुटा होने की जानकारी मिलने के बाद पंडित सहित मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे व पुलिस सूचना दी। कोतवाली पुलिस टीम सहित सीएसपी रविंद्र वास्कले मंदिर पहुंचे व पुजारी से घटना को लेकर जानकारी प्राप्त की। इधर देर शाम पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुजारी के अनुसार अज्ञात बदमाश भगवान के तीनों प्रतिमाओं के चांदी के आभूषण, मुकुट, छत्र व माता जी की नथ व भगवान का श्रृंगार का सामान चोरी करके लेकर गए है।

Uttarpradesh

# हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, व्यास तहखाने में पूजा रहेगी जारी, मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज

**प्रयागराज, (एजेंसी) ज्ञानवापी के तल गृह में काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास को पूजा का अधिकार सौंपने के जिला जज वाराणसी के आदेश के खिलाफ दाखिल प्रथम अपीलों पर सोमवार बड़ा फैसला सुनाया गया। हाईकोर्ट ने कहा कि व्यास तहखाने में पूजा जारी रहेगी।**

इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से दाखिल प्रथम अपीलों पर सुनवाई हुई। इससे पहले कोर्ट ने दोनों पक्षों की लंबी बहस के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था।



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर के व्यास तहखाने में पूजा करने के कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को रद्द कर दिया है। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने फैसले के बाद बताया कि इलाहाबाद होईकोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया के आदेशों की पहली अपील को खारिज कर दिया है। जिसमें वाराणसी जिला कोर्ट से पारित 17 और 31 जनवरी के आदेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि ज्ञानवापी परिसर के व्यास तहखाना में चल रही पूजा जारी रहेगी।

New Delhi

### घोर लापरवाही!

## बगैर लोको पायलट 70KM दौड़ी मालगाड़ी, जम्मू से पंजाब पहुंची

**नई दिल्ली, , (एजेंसी)** रेलवे मैन्युअल में त्रिस्तरीय सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण रविवार को एक मालगाड़ी बगैर ड्राइवर व गार्ड के जम्मू से पंजाब पहुंच गई। हजारों टन माल से लदा होने के कारण मालगाड़ी ने ढलान पर दौड़ते हुए अधिकतम 51 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार पकड़ ली। इससे रेल प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। कठुआ (जम्मू) से होशियारपुर (पंजाब) के बीच 70 किलोमीटर का सफर तय कर चुकी इस मालगाड़ी को रेल अधिकारी भारी मशक्कत से बालू की बोरियां रखकर रोकने में सफल रहे। इस घोर लापरवाही को लेकर अभी तक किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है, लेकिन रेलवे ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जम्मू के कठुआ में सुबह छह बजे ड्यूटी समाप्त होने पर चिप पत्थर से लदी डीएमआर मालगाड़ी को स्टेशन पर खड़ा कर दिया। मालगाड़ी में लगे दोनों इंजन भी बंद थे। रेलवे मैन्युअल के अनुसार ऐसी स्थिति में इंजन व डिब्बे के पहियों में चार-छह लकड़ी के गुटके लगाए जाते हैं, जिससे ढलान में मालगाड़ी आगे चलनी नहीं शुरू कर दे। इसके साथ ही पहियों को सेफ्टी जंजीर से पटरियों से बाधा जाता है और इंजन का एडॉप्टर गिराकर ब्रेक लॉक कर दिया जाता है, जिससे मालगाड़ी में ब्रेक लगे रहते हैं। रेल मैन्युअल के त्रिस्तरीय सुरक्षा चक्र को सहायक लोको पॉयलेट, लोको पॉयलेट, गार्ड, रेलवे स्टेशन के संरक्षा कर्मियों ने पालन नहीं किया। इसके चलते सुबह 7.25 पर मालगाड़ी ढलान होने के कारण खुद ही चल पड़ी। दो डीजल इंजन व 53 डिब्बों में चिप पत्थर लदे होने के कारण मालगाड़ी ने 70 किलोमीटर को एक घंटे 35 मिनट में पूरा कर लिया। यानी मालागाड़ी 53.85 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार पर दौड़ती रही।

Uttarpradesh

## जौनपुर में बड़ा हादसा, बस और ट्रैक्टर ट्रॉली में भिड़ंत, 6 की मौत

**जौनपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के जौनपुर में भीषण हादसा हुआ है, जिसमें 6 मजदूरों की मौत हो गई है और 6 मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं. हादसे के समय ट्रैक्टर ट्रॉली में 12 मजदूर सवार थे. घटना रविवार देर रात 11.15 बजे की है. रोडवेज बस प्रयागराज से जौनपुर की तरफ आ रही थी. पुलिस के मुताबिक हादसा सिकरारा थाना क्षेत्र के समाधगंज के पास हुआ. सभी मजदूर मकान की ढलाई करके लौट रहे थे. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायल मजदूरों को जिला अस्पताल भेज दिया. पुलिस फिलहाल बचाव कार्य में जुटी हुई है. बताया जा रहा है कि सभी मजदूर अलीशाहपुर गांव के रहने वाले थे.




Bihar

## बिहार के कैमूर में भीषण हादसा: 9 लोगों की मौत, कार ने पहले बाइक को मारी टक्कर, फिर कंटेनर में जा घुसी

**कैमूर, (एजेंसी)** बिहार के कैमूर में रविवार देर शाम भीषण सड़क हादसा हुआ है। सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। वहीं कुछ लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को निकट के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो कार ने पहले बाइक में टक्कर मारी और फिर खड़े कंटेनर में जा घुसी। हादसे में कार सवार आठ और एक बाइक सवार की मौत हुई है। मामला मोहनिया थाना क्षेत्र के एनएच-2 स्थित देवकली के पास हुआ है। घटना के बाद NH-2 पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो सासाराम की तरफ से वाराणसी की ओर जा रही थी। स्कॉर्पियो जैसे ही देवकली गांव के समीप पहुंची, ड्राइवर का गाड़ी पर नियंत्रण नहीं रहा। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनकंट्रोल होकर डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ चली गई, जहां सामने से आ रहे कंटेनर से जा टकराई। टक्कर लगते ही स्कॉर्पियो पलट गई। इस पूरे हादसे में स्कॉर्पियो में सवार 8 लोगों और बाइक सवार एक शख्स की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद एनएच-2 पर गाड़ियों का लंबा जाम लग गया। हादसे की सूचना पाकर मोहनिया थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेते हुए जांच शुरू कर दी है। जिला प्रशासन सभी मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कराने में जुटा हुआ है।

खेल

## तीसरे दिन 273 रन बने और 13 विकेट गिरे, सीरीज में अजेय बढ़त बनाने के लिए भारत को अब 152 रन की जरूरत

**रांची।** तीसरे दिन का खेल समाप्त हो चुका है। भारत ने अपनी दूसरी पारी में बिना कोई विकेट गंवाए 40 रन बना लिए हैं। फिलहाल रोहित शर्मा 24 रन और यशस्वी जायसवाल 16 रन बनाकर नाबाद हैं। टीम इंडिया को अभी भी जीत के लिए 152 रन की जरूरत है। भारत की पहली पारी तीसरे दिन 307 रन पर सिमट गई थी। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 353 रन बनाए थे। इस लिहाज से इंग्लैंड को दूसरी पारी में 46 रन की बढ़त मिली थी।

**इंग्लैंड की दूसरी पारी**

इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में अश्विन और कुलदीप के आगे घुटने टेक दिए और 145 रन पर सिमट गई। जैक क्राउली ने सबसे ज्यादा 60 रन बनाए। वहीं, ओली पोप, ओली रॉबिन्सन और जेम्स एंडरसन खाता भी नहीं खोल सके। बेन डकेट 15 रन, जो रूट 11 रन, जॉनी बेयरस्टो 30 रन, कप्तान बेन स्टोक्स चार रन, बेन फोक्स 17 रन, टॉम हार्टले सात रन बनाकर आउट हुए। अश्विन ने 35वीं बार टेस्ट में पारी में पांच विकेट लिए। वहीं, कुलदीप यादव ने चार विकेट लिए। रवींद्र जडेजा को एक विकेट मिला।



**भारत की पहली पारी**

रविवार को भारत ने सात विकेट पर 219 रन से आगे खेलना शुरू किया और 88 रन बनाने में बाकी बचे तीन विकेट गंवा दिए। रविवार को भारत को सबसे पहला झटका कुलदीप यादव के रूप में लगा। कुलदीप 28 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने जुरेल के साथ 76 रन की साझेदारी निभाई। इसके बाद आकाश दीप बल्लेबाजी के लिए आए और उन्होंने जुरेल के साथ 40 रन की साझेदारी की। आकाश नौ रन बनाकर आउट हुए। दोनों को शोएब बशीर ने पवेलियन भेजा और अंतरराष्ट्रीय करियर में पहली बार फाइव विकेट हॉल हासिल किया। आखिरी विकेट के रूप में जुरेल आउट हुए। उन्होंने सबसे ज्यादा 90 रन बनाए और शतक से चूक गए। उन्हें टॉम हार्टले ने क्लीन बोल्ड किया। जुरेल को मैदान में मौजूद दर्शकों और ड्रेसिंग रूम में मौजूद भारतीय खिलाड़ियों ने स्टैंडिंग ओवेशन दिया।

इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा दो रन बनाकर आउट हुए थे। इसके बाद शुभमन गिल ने यशस्वी जायसवाल के साथ 82 रन की साझेदारी निभाई। रजत पाटीदार एक बार फिर फेल रहे और वह 17 रन ही बना सके। वहीं रवींद्र जडेजा 12 रन बनाकर आउट हुए। रोहित को एंडरसन ने पवेलियन भेजा था। वहीं, शुभमन, रजत और जडेजा को शोएब बशीर ने पवेलियन भेजा। इस बीच यशस्वी ने टेस्ट करियर का तीसरा अर्धशतक लगाया। हालांकि, वह 73 रन बनाकर बशीर का शिकार बने। सरफराज 14 रन और अश्विन एक रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों को हार्टले ने आउट किया। इंग्लैंड की ओर से बशीर ने पांच और हार्टले ने तीन विकेट लिए। वहीं, जेम्स एंडरसन को दो विकेट मिले।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की पहली पारी 353 रन पर समाप्त हो गई। आकाश दीप के तीन विकेट ने इंग्लैंड के शीर्ष क्रम को उखाड़ कर रख दिया था। उन्होंने बेन डकेट (11), ओली पोप (0) और जैक क्राउली (42) को पवेलियन भेजा।

सिनेमा

## नेशनल अवॉर्ड विनर फिल्ममेकर कुमार साहनी का निधन



बॉलीवुड गलियारों से बुरी खबर सामने आई है. मशहूर फिल्ममेकर कुमार साहनी का निधन हो गया है. 83 साल के कुमार उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे. 18 फरवरी को कुमार साहनी को पश्चिम बंगाल के ढकुरिया स्थित हॉस्पिटल AMRI में एडमिट कराया गया था. अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक, बीते दिनों में उनकी हालत ज्यादा खराब होने लगी थी. उन्हें लोअर रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इंफेक्शन, हाइपरटेंशन, सेप्सिस की दिक्कत थी. उन्हें आईसीयू में रखा गया था. उनकी हालत सुधरने की बजाय बिगड़ती जा रही थी. फिर शनिवार रात करीब 10.25 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली. मशहूर डायरेक्टर ऋत्विक घटक के शिष्य रहे कुमार साहनी का जन्म 1940 में हुआ था. उन्होंने पुणे फिल्म इंस्टीट्यूट (FTII) से फिल्म स्टडीज की थी. 1969 में उन्हें फेमस फ्रेंच डायरेक्टर रॉबर्ट ब्रेसन के साथ फिल्म 'अ जेंटल क्रिएचर' के लिए इंटर करने का मौका मिला था. अपने पूरे करियर में साहनी ने कई उपलब्धियां हासिल की थी. उन्हें 1972, 1990 और 1991 में बेस्ट फिल्म का फिल्मफेयर क्रिटिक्स अवॉर्ड्स मिला था. वर्ल्ड ऑफ सिनेमा में अपने योगदान के लिए कुमार साहनी को 1990 में रॉटरडैम का इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल- FIPRESCI अवॉर्ड और 1998 में प्रिंस क्लॉज अवॉर्ड मिला था.

# संपादकीय

## कांग्रेसी तुष्टिकरण का संक्रमण

राजनीतिक इतिहास के पन्ने पलटें तो कांग्रेस पार्टी को मुस्लिम तुष्टिकरण की जननी कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। आजादी के बाद नेहरू से वर्तमान तक पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति को समर्पित रही है। आजादी के बाद घरेलू ही नहीं, विदेशी नीति भी तुष्टिकरण से तय होती थी। सबसे बड़ी विडंबना यह रही कि जिन मुसलमानों के नाम पर कांग्रेस ने देश में तुष्टिकरण की नीति का आगाज किया उन मुसलमानों की माली हालत सुधरने की बजाय बिगड़ती चली गई। दूसरी विडंबना यह हुई कि कांग्रेसी तुष्टिकरण का संक्रमण क्षेत्रीय पार्टियों, मीडिया और बुद्धिजीवियों तक होता गया। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण के बलबूते ही सत्ता में आई थी। सत्ता पर काबिज होने के बाद से तृणमूल की सरकार ने मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए हिंदुओं व दूसरे समुदायों की पूरी तरह अनदेखी की। हिन्दुओं के धार्मिक उत्सवों और यात्राओं तक में सरकार ने अड़चनें लगाने का काम किया। पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं की जो दुर्दशा हो रही है, वो किसी छिपी नहीं है। तृणमूल के नेता और कार्यकर्ता जिस तरह का अत्याचार कर रहे हैं, वो सुनकर हैरानी होती है कि हम किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में रहते हैं और पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार है। पश्चिम बंगाल हो या फिर दिल्ली, मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर इनमें होड़ है। दिल्ली के दंगों में आम आदमी पार्टी के नेताओं की भूमिका सर्वविदित है। दिल्ली में शाहीन बाग प्रदर्शन के पीछे भी मुस्लिम तुष्टिकरण वाली राजनीतिक ताकतें अपना चेहरा चाहकर भी छुपा नहीं पाई थीं। तेलंगाना में जब बीआरएस और राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी, तब वहां मुस्लिम तुष्टिकरण ही राज्यनीति था। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल जब सरकार की हिस्सेदार थी, तब वहां भी मुस्लिम तुष्टिकरण चरम पर था। आजादी के बाद देश में जिस मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति को जो बीज बोया गया, वह आगे चलकर वट वृक्ष बन गया। भारत दुनिया का इकलौता देश बना जहां बहुसंख्यकों के हितों की कीमत पर अल्पसंख्यकों को वरीयता दी गई। कांग्रेसी तुष्टिकरण का पहला नमूना आजादी के तुरंत बाद देखने को मिला जब देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने गुलामी के पहले कलंक को मिटाने के लिए भव्य सोमनाथ मंदिर बनाने की पहल की। लेकिन मुस्लिम परस्ती के चलते तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने न सिर्फ सोमनाथ मंदिर के नवीनीकरण और पुनर्स्थापना के कार्य से खुद को अलग कर लिया बल्कि तत्कालीन सौराष्ट्र के मुख्यमंत्री को आदेश दिया कि मंदिर निर्माण में सरकार का एक भी पैसा नहीं लगना चाहिए। इतना ही नहीं, जब राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद पुनर्निमित सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन करने जाने लगे तब नेहरू ने उन्हें रोकने की नाकाम कोशिश भी की। वोट बैंक की राजनीति की विवशता को कतिपय राजनीतिक दल, दल विहीन राजनेता और बुद्धिवादी देश का स्थायी भाव बना देने की जी तोड़ कोशिशें कर रहे हैं। स्वभावतः पंथनिरपेक्ष भर को सुनियोजित ढंग से पंथ और मजहब के संदर्भ में सोचने, जीने और अपना मानस बनाने को कहा जा रहा है कि यदि ऐसा सोचा और किया न गया तो देश साम्प्रदायिकता की आग में जलकर राख बन जायेगा। यदि संक्षेप में और कुछ वाक्यों में कहें तो आज के भारत की धर्म (पंथ) निरपेक्षता मुस्लिम सापेक्षता का पर्याय है।

**Quote...**

"Only a life lived for others is a life worthwhile."

-Albert Einstein

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**तुम ने पाया है तो तुम अपने सदभाग को बाटो। तुम्हारे सुख में सब का भाग है।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

### सैर सपाटा

# द्वारकाधीश से जुड़े हैं कई फैक्ट्स

## जानिए मंदिर से जुड़ी डिटेल्स



**पश्चिमी सिरे पर स्थित द्वारका भारत का एक प्राचीन शहर है। यहां गोमती नदी के तट पर मौजूद द्वारकाधीश मंदिर गुजरात के सबसे पवित्र मंदिरों में से एक है। ये मंदिर भगवान कृष्ण को समर्पित है। इस मंदिर में हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक दर्शन और इसके आसपास घूमने के लिए आते है। इस मंदिर से जुड़े कुछ इंट्रेस्टिंग और पौराणिक फैक्ट्स के बारे में बहुत कम लोग ही जानते हैं। तो चलिए जानते हैं मंदिर से जुड़े फैक्ट्स-**

### →सालों पुरानी है मंदिर की वास्तुकला

द्वारका शहर का इतिहास महाभारत में द्वारका साम्राज्य के समय का है। द्वारकाधीश मंदिर पांच मंजिला है, जिसे चूना पत्थर और रेत से बनाया गया है। कहते हैं कि 2200 साल पुरानी वास्तुकला उनके पोते वज्रनाभ द्वारा बनाई गई थी, जिन्होंने इसे भगवान कृष्ण द्वारा समुद्र से प्राप्त भूमि पर बनाया था। मंदिर के अंदर दूसरे मंदिर हैं जो सुभद्रा, बलराम और रेवती, वासुदेव, रुक्मिणी और कई अन्य को समर्पित हैं। इस मंदिर में अंदर जाने से पहले भक्तों को गोमती नदी में डुबकी लगानी होती है।

### →कई बार बदला जाता है मंदिर का ध्वज

दूसरे मंदिरों की तरह इस मंदिर की चोटी पर भी एक ध्वज लहराता है, जिसे भक्त सूर्य और चंद्रमा का प्रतीक मानते हैं। कहा जाता है कि इस ध्वज की ऊंचाई लगभग 75 फिट है। रिपोर्ट्स की मानें तो ये ध्वज दिनभर में कम से कम पांच बार बदला जाता है, लेकिन प्रतिक वही रहता है।

### →दोनों द्वारों का नाम है अलग

मंदिर में प्रवेश के लिए वैसे तो एक ही गेट होता है, लेकिन इस मंदिर में दो द्वार हैं। एक द्वार उत्तर दिशा की ओर मौजूद है, जिसे 'मोक्ष द्वार' के नाम से जाना जाता है। दूसरा द्वार दक्षिण दिशा की ओर है जिसे 'स्वर्ग द्वार' भी कहा जाता है।

## Highlights

1. **'I should get Nobel prize': Delhi CM Arvind Kejriwal, here's why**
2. **Doctor attacked with sickle 18 times in Maharashtra, incident caught on camera**
3. **Nagpur Man Kills Colleague Over Work Remark**
4. **It was scary & painful: TV anchor Pranav who was kidnapped by woman in Hyderabad**
5. **Rathee told me 6 months back that he could be attacked anytime: Abhay Chautala**
6. **Indian household spending more than doubled over the decade**

# Xiaomi 14 is likely what the premium journey needs, with Leica's secret sauce

**NEW DEIHI, (Agency).** For Xiaomi, the flagship smartphone space in India has been one they've looked at from a distance for a while now. On the outside, looking in. It has been perplexing, because globally, Xiaomi's arsenal had the tools that may have worked. But for various reasons, it never clicked for the tech company in India, one of their most important markets otherwise. If corrective measures are as streamlined and on point as the Xiaomi 14 phone is, they'll be able to make up lost ground. Quickly. Part of a troika that has the Xiaomi 14 Plus and joined by the Xiaomi 14 Ultra, its screen size and pricing may just define value and open up relevance for a demographic of buyers who have largely been ignored by big-screen phones.

The specs are in place. It runs a Qualcomm Snapdragon 8 Gen 3 mobile platform (Leica's photography magic is built on this), three 50-megapixel cameras to work with for photography and a 4,610mAh



battery despite its rather compact dimensions (a Samsung Galaxy S24 with similar dimensions makes do with a 4,000mAh battery). Beyond the specs, it is also ushering in the era of Xiaomi's new software that'll define the experience, HyperOS. Built from the ground up, it is an OS on a diet compared with the MIUI it replaces, has a smaller footprint, and brings significant visual improvements.

Two aspects of the Xiaomi 14 are most attractive – the 6.36-inch screen size and therefore the compact dimensions, as well as the "co-engineered with Leica" cameras.

We'll talk about the screen first. I, had, over the years, gained muscle memory for large-screen phones. You'd likely reference them as around 6.7-inch screen sizes and above. It was a personal preference, and at this time, any switch to a compact phone was more of an inconvenience. Two things to note about the Xiaomi 14 – the screen itself is accurately responsive to touch and doesn't hold back on the visual quality, while HyperOS is also optimised for error-free navigation. To be honest, I am surprised by how seamlessly I have been able to transition from a 6.7-inch to a 6.36-inch phone, which many in the past have failed to convince.

# 'For Uber, India is a state of mind and...': CEO Dara Khosrowshahi

**NEW DEIHI, (Agency).** Uber CEO Dara Khosrowshahi, who is currently on a visit to India, has described the country as 'not only a market with enormous potential,' but as a 'state of mind' for the firm. "The Indian customer is a demanding one, both in terms of service and price," Khosroshahi, who took over as Uber's chief executive in August 2017, succeeding Travis Kalanick,



the San Francisco-based company's co-founder, told The Economic Times.

He further described the country's digital public infrastructure – Aadhaar, payments systems (Unified Payments Interface/UPI) and Open Network for Digital Commerce (ONDC) – as 'unique' and 'nothing like anywhere in the world.'

"It is setting the stage for five to ten years of what will be (an) incredible innovation at scale, putting India in an enviable position, and one that we want to play a part in by innovating as well," he told ET. The Iran-born executive, 54, was then asked how Uber 'makes it work in India.' To this, he responded that one must be entrepreneurial, and build a service that is 'super low-cost' but 'delivers on the expectations.' "One of our strengths is that we have big markets like the United States, Europe that are highly profitable, and this allows us to lean into places like India, that are not just high potential, but large as well," the former Expedia CEO explained.

# एक्शन में पुलिस, अलसुबह तक चलाया सर्चिंग अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर में पिछले 15 दिन में 2 डकैती, 4 बड़ी चोरियों और 2 लूट की वारदात के बाद रविवार रात पुलिस एक्शन में दिखी। रात 11 से अल सुबह तक तकरीबन 2 हजार पुलिस जवानों व अधिकारियों ने मोर्चा संभालते हुए सर्चिंग की। पुरी रात चलने वाले अभियान में लंबे समय से फरार चल रहे बदमाश निशाने पर रहे। देर रात पुलिस ने नशेड़ी वाहन चालकों, तीन सवारी, तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों की धड़पकड़ के साथ बदमाशों के घर पर भी दबिश दी। नशे में वाहन चला रहे 40 से ज्यादा लोगों पकड़ा गया। उनके वाहन भी जब्त किए।

पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता के निर्देश पर सभी थानों का पुलिस बल, क्राइम ब्रांच, ट्रैफिक पुलिस के अफसर एक साथ सडक़ों पर उतरे। रीगल तिराहा, मूसाखेड़ी, आजाद नगर और बिचौली, कनाडिया रोड सहित शहर के उन प्रमुख रास्तों पर पुलिस तैनात हुई जो बायपास और अन्य बाहरी इलाकों की तरफ जाते हैं।

पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने कहा कि शहर के चारों जोन के डीसीपी ने गश्त प्लान किए हैं। डीसीपी अपने नेतृत्व में क्षेत्रों में जांच करवा रहे हैं। कई बिंदुओं को ध्यान रख गश्त प्लान किया गया है। तकरीबन 2 हजार पुलिस बल एक साथ सडक़ों में उतरा है। इस दौरान स्थाई वारंटियों को पकडऩे के साथ अन्य अपराधों में फरार चल रहे बदमाशों के घर भी दबिश दी जाएगी।

रीगल तिराहे पर रात करीब 11 बजे पुलिस कमिश्नर गुप्ता, एडिशनल कमिश्नर मनोज श्रीवास्वत और एडिशनल पुलिस कमिश्नर ट्रैफिक मनीष अग्रवाल मौजूद थे। 11 बजे से शुरू हुआ यह अभियान सुबह 5 बजे तक चलाया चला। करीब आधा दर्जन से ज्यादा संदेही व बाहरी युवाओं को थाने भेजा गया। जोन 1 और जोन 2 में तीन बदमाश चाकू के साथ पकड़ाए। वहीं भंवरकुआं चौराहे पर तीन ऐसे बदमाश भी पकड़ाए जो एक युवक से विवाद कर भाग रहे थे। पान की दुकानों पर पुडिय़ा का नशा करने वाले युवाओं को भी पकड़ा गया। बता दें कि अभी तक सिर्फ जोन वार ही चेकिंग अभियान चलाया जाता था। लंबे समय बाद चारो जोन में एक साथ यह अभियान चलाया गया।

## ड्रिंक एंड ड्राइव के 150 केस बने

पुलिस की कार्रवाई के दौरान शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के 150 चालान काटे गए। 65 निगरानी शुदा बदमाशों और 59 स्थायी वारंट तामील कराए गए। 170 गुंडे चिन्हित किए, इनमें सबसे ज्यादा जोन 2 के 70 बदमाशों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने भोपाल से फरारी काट रहे तीन हजार के इनामी गुंडे अमर जाट को खजूरी बाजार से पकड़ा है।

# घर से बुलाकर युवक के पेट में घोपा चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। द्वारकापुरी इलाके में रविवार रात चाकू बाजी की घटना हो गई। बदमाशों ने फर्नीचर का काम करने वाले 19 साल के युवक को घर से बुलाकर पेट में चाकू घोप दिया। गंभीर हालत में युवक को अस्पताल ले जाया गया। देर रात में द्वारकापुरी पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने सुबह थाने आकर केस दर्ज कराने की बात की। परिवार के मुताबिक रात में उसका आपरेशन हुआ। 12 घंटे बाद होश आया। द्वारकापुरी स्थित आकाश नगर में रविवार रात करीब 9 बजे के दीपांशु उर्फ दीपेन्द्र पाल को राजा ने बात करने के लिए बुलाया। बातचीत के दौरान पेट में चाकू घोप दिया। चाकू मारने के बाद आरोपी मौके से भाग गया। हमला इतना तेज था कि दीपेन्द्र के पेट की आतडिय़ा बाहर आ गई। उसे उपचार के लिए एमवाय ले जाया गया। रात में यहां से द्वारकापुरी थाने पर सूचना की गई। पुलिस ने गश्त होने की बात करते हुए सुबह थाने आकर एफआईआर करने की बात कही। दीपेन्द्र के पिता ने बताया कि उनका इकलौता बेटा फर्नीचर का काम करता है। आरोपी राजा इलाके में नशाखोरी और आवारागर्दी करता है। बेटे से शुरू से ही वह खुन्नस रखता था। कुछ माह पहले राजा से बेटे की कहासुनी हुई थी। उसी पर बात करने के लिये उसने बेटे को घर से बाहर बुलाया था।

## महिला की खुदकुशी में पति और ससुराल वालों पर केस

**इंदौर।** एक महिला की फांसी लगाकर खुदकुशी करने के मामले में पुलिस पति सहित ससुराल वालों पर केस दर्ज किया है। बेटमा पुलिस से के अनुसार मामला विगत 10 फरवरी का है। काली बिल्लौद गांव में रहने वाली सोनम राठौर नामक नवविवाहिता ने घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की तो पता चला कि ससुराल में उसे प्रताडित कर रहे थे जिससे तंग आकर उसने मौत को गले लगा लिया था। पुलिस ने उक्त मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण महिला के पति शुभम,रमेशचंद्र,अंगुरीबाला,हेमंत उर्फ बबलू,कविता के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# नगर निगम के कचरा वाहन में जा घुसी ऑटो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। माणिकबाग ब्रिज के समीप रविवार देर रात एक ऑटो ड्राइवर सडक़ पर खड़ी नगर निगम की गाड़ी में जा घुसा। ऑटो ड्राइवर के सिर में चोट आई है। यहां काम कर रहे सफाई कर्मचारियों ने रिक्शा ड्राइवर पर ही लापरवाही का आरोप लगाया। रात में अफसरों के पहुंचने के बाद जूनी इंदौर थाने में शिकायत की गई।**

जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक घटना पलसीकर के पास भेरु बाबा मंदिर के करीब की है। नगर निगम के ड्राइवर मनोहर ने बताया कि रविवार देर रात करीब डेढ़ बजे वह सडक़ पर सफाई होने के बाद कचरा लेने के लिए गाड़ी लेकर पहुंचे। उन्होंने सडक़ के एक साइड में अपनी कचरा गाड़ी नंबर रूक्क09त्र॥8512 खड़ी की। वह गाड़ी में ही बैठे थे। तभी जोर से झटका लगा। उतरकर देखा तो पीछे पैसेंजर ऑटो रिक्शा नंबर रूक्क0१्९ंञ्ज6645 खड़ी थी। जिसका शीशा पूरी तरह से टूटा हुआ था। वहीं ड्राइवर को सिर में चोट लगी थी।

रिक्शा ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी लाकर पीछे से ठोंक दिया। इस दौरान सडक़ पर काम कर रहे सफाईकर्मी महिला को भी चोट आई। हालांकि मामले में अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। रिक्शा ड्राइवर और उसका साथी गाड़ी लेकर मौके से भाग गए। पुलिस के मुताबिक वह शिकायत दर्ज करने नहीं आए।

# 7 साल की मासूम से रेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। तिलक नगर में 7 साल की बच्ची से रेप का मामला सामने आया है। आरोपी उसी बिल्डिंग में रहता है। आरोपी ने जब बच्ची और उसके 9 साल के भाई को अपने कमरे में बंद किया। वे चिल्लाए तब सबसे पहले पड़ोसियों को पता चला। आरोपी से दरवाजा खुलवाया तो अंदर हैरान कर देने वाला दृश्य था। पड़ोसियों ने सबसे पहले नौकरी पर गई मां को सूचना दी। तत्काल घर पर बुलाया। मां के आने तक पड़ोसियों ने बुरी तरह से घबराए भाई-बहन को अपने पास ही रखा। मां और पिता के घर पहुंचने के बाद उन्होंने थाने जाकर आरोपी पर पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कराया। घटना शनिवार दोपहर की है। पति के घर लौटने के बाद महिला ने रविवार को तिलक नगर थाने में रिपोर्ट लिखाई। तिलक नगर पुलिस के मुताबिक बच्ची की मां की शिकायत पर उन्हीं की बिल्डिंग में रहने वाले लच्छू पर रेप और पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया। परिवार सात माह पहले ही इस बिल्डिंग में रहने आया है। बच्ची के माता-पिता दोनों नौकरी करते हैं। वे रोज की तरह शनिवार को भी फ्लैट में अपने 9 साल के बेटे और 7 साल की बेटी को छोडक़र नौकरी पर गए थे। तभी आरोपी ने घटना को अंजाम दिया।

# दो घरों से चोर ले भागे नकदी और जेवरात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। फार्मा कंपनी के एरिया मैनेजर के सूने घर को चोरों ने निशाना बनाया और अलमारी में रखे हजारों रुपए नकदी के साथ ही जेवरात सहित लाखों का माल उड़ा लिया। जब मैनेजर वापस लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। सामान भी अस्त-व्यस्त था।**

वारदात लसूडिय़ा इलाके में हुई। पुलिस ने बताया कि फार्मा कंपनी में एरिया मैनेजर जितेन्द्र माली की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज किया है। वह बीएमआर महालक्ष्मी नगर में रहते हैं। जितेन्द्र ने बताया कि वह शुक्रवार को काम पर गए थे। उनका भाई सुरेश घर पर था। दोपहर में वह भी ताला लगाकर गांव चला गया। अगले दिन शाम को जितेन्द्र घर पहुंचे तो ताला टूटा मिला। अंदर सामान अस्त-व्यस्त था। उनकी अलमारी से जेवर और नकदी गायब मिले। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है।

इसी प्रकार खजराना इलाके के सांझी छत के नजदीक दीपेंद्र सिंह चौहान के फ्लैट पर शनिवार देर रात बदमाशों ने चोरी की। दीपेन्द्र ने पुलिस को बताया कि वह बिजनेस करते हैं। पत्नी और बेटे को लेकर लैट पर ताला लगाकर खंडवा गए थे। उनके पड़ोसी ने अगले दिन सुबह गेट खुले होने की बात की। वह खंडवा से आए और सामान चेक किया तो अंदर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी नहीं मिले। चोरी के दोनों ही मामलो में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक